आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 18.05.2025

समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध रुद्रनाथ मंदिर के कपाट आज ब्रह्म मुहूर्त में श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर आज देहरादून पहुंचे। श्री नड्डा पिथौरागढ़ के गुंजी गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करेंगे।
- प्रदेश में एक वर्ष से अधिक पुराने राजस्व वादों का अभियान चलाकर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।
- अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर देशभर में पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के स्मारकों और संग्रहालयों में आज प्रवेश निःशुल्क।
- और.... मौसम विभाग ने आज से 24 मई तक राज्य के अधिकांश जिलों में कहीं–कहीं हल्की बारिश की चेतावनी जारी की है।

**रुद्रनाथ मंदिर**

चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध चतुर्थ केदार श्री रुद्रनाथ मंदिर के कपाट आज ब्रह्म मुहूर्त में पूरे विधि–विधान से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। कपाट खुलने के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे, जिनकी मौजूदगी ने कपाट खुलने की प्रक्रिया को और भी दिव्य बना दिया। अगले छह माह तक देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालु इस पवित्र धाम के दर्शन कर भगवान रुद्रनाथ का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे।

चतुर्थ केदार के रूप में पंचकेदारों में विशिष्ट स्थान रखने वाले रुद्रनाथ मन्दिर में भगवान शिव के एकनान स्वरुप यानी मुख की पूजा होती है।

यात्रा को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी इंतजाम किए हैं।

**जेपी नड्डा**

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर आज देहरादून पहुंचे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। श्री नड्डा पिथौरागढ़ के गुंजी गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करेंगे। साथ ही उनका ज्योलिंगकोंग से आदि कैलाश के दर्शन और महिला फेडरेशन की ओर से गुंजी में संचालित होम स्टे का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है।

इस बीच, आज देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को हाउस ऑफ हिमालया के उत्पाद भेंट किए। इस दौरान श्री धामी ने उन्हें राज्य की महिला शक्ति और स्थानीय लोगों द्वारा स्वरोजगार के क्षेत्र में किए जा रहे अभूतपूर्व कार्यों से अवगत कराया।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

उत्तराखण्ड राजस्व परिषद की आयुक्त और सचिव रंजना राजगुरू ने प्रदेश में एक वर्ष से अधिक पुराने राजस्व वादों का अभियान चलाकर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। श्रीमती राजगुरू ने गढ़वाल और कुमाऊं मंडल के अपर आयुक्तों, अपर जिलाधिकारियों, उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों के साथ आयोजित बैठक ये निर्देश दिए हैं।

बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि लंबित मामलों की नियमित समीक्षा की जाएगी और सुनवाई मजिस्ट्रेट कोर्ट में नियमित रूप से की जानी चाहिए।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, उन्होंने अधिकारियों को इसे निर्धारित समयसीमा 31 मई 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिये। साथ ही, आवासीय और अनावासीय भवन निर्माण संबंधी प्रस्ताव जल्द राजस्व परिषद को भेजने को कहा, ताकि निर्माण कार्यों की प्रक्रिया को गति मिल सके।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

केंद्र सरकार ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में पाकिस्तान समर्थति आतंकवाद के विरुद्ध भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने के लिए विभिन्न देशों में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेज रही है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कल सोशल मीडिया पोस्ट में प्रतिनिधिमंडल में शामिल सांसदों की जानकारी दी।

## यमुनोत्री यात्रा रूट

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और ग्रामीण वेग वृद्धि परियोजना की ओर से यमुनोत्री यात्रा मार्ग के विभिन्न स्थानों पर आउटलेट खोले गए हैं, जिनमें स्थानीय उत्पादों के साथ ही पहाड़ी व्यंजन भी बेचे जा रहे हैं। यमुनोत्री यात्रा मार्ग पर स्थानीय महिलाओं के स्वरोजगार के लिए बड़कोट दोबाटा में वैभव ग्राम संगठन तीर्थयात्रियों को स्थानीय उत्पादों के साथ ही बुरांस, माल्टा, पुदीने का जूस, अचार, जैम, चटनी आदि उपलब्ध करा रहा है। राजराजेश्वरी ग्राम संगठन सुनाल्डी तीर्थयात्रियों को गढ़भोजन परोस रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस है। इस अवसर पर देश में पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के संरक्षण वाले सभी स्मारकों और संग्रहालयों में आज प्रवेश निःशुल्क रहेगा। इसका उद्देश्य व्यापक सार्वजनिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। देशभर में एएसआई स्थलों में देश के कुछ सबसे मूल्यवान पुरातात्विक खजाने हैं, जिनमें प्रागैतिहासिक औजारों और मूर्तियों से लेकर मध्ययुगीन शिलालेख शामिल हैं। प्रतिवर्ष 18 मई को अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस का आयोजन सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने तथा शिक्षा और संवाद को बढ़ावा देने में संग्रहालयों की भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए किया जाता है।

## दव्य केदारनाथ

विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ के धाम को दिव्य और भव्य बनाने की कवायद लगातार जारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत इस वर्ष केदारनाथ में मंदाकिनी और सरस्वती नदी का संगम स्थल पर घाटों का पुनर्निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। केदारनाथ में पुनर्निर्माण के कार्यों को देख रहे निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग गुप्तकाशी के अधिशासी अभियंता विनय झिंक्वाण ने बताया कि 15 करोड़ की लागत से तैयार यह कार्य वर्ष 2021 में आरम्भ हुआ था जो अब पूरा हो चुका है। संगम स्थल पर तीर्थ यात्रियों के लिए चैन्जिंग रूम भी बनाये गये हैं।

वर्ष 2013 की आपदा में मंदाकिनी और सरस्वती नदी का संगम स्थल पूरी तरह आपदा की चपेट में आ गया था, ऐसे में श्रद्धालु यहां स्नान नहीं कर पा रहे थे। इस वर्ष यहां घाटों का निर्माण कार्य पूरा होने से तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधा मिल रही है।

**108 प्रशिक्षण**

चारधाम यात्रा और मानसून सीजन में आपदा व आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए 108 आपातकालीन सेवा के कर्मचारियों को ट्रॉमा केयर का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आयोजित किया गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने एंबुलेंस कर्मचारियों को किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के गुर सिखाए। इस प्रशिक्षण शिविर में सभी जिलों के ईएमटी ऑनलाइन जुड़े। प्रशिक्षण में 108 आपातकालीन कर्मचारियों को विभिन्न दुर्घटना संबंधी चोटों और उनके प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। इस दौरान दुर्घटना के समय बरती जाने वाली सावधानियों और दुर्घटनाग्रस्त मरीजों के सुरक्षित परिवहन के बारे में जानकारी दी गई। कैंप 108 आपातकालीन सेवा के महाप्रबंधक अनिल शर्मा ने कहा कि सेवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए संगठन समय–समय पर अपने कर्मियों को प्रशिक्षण देता रहता है।

मौसम

मौसम विभाग ने आज से 24 मई तक राज्य के अधिकांश जिलों में कहीं–कहीं हल्की बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। इस अवधि में राज्य के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने के आसार बने हुए हैं। यही स्थिति राज्य के मैदानी जिलों में भी देखने को मिल सकती है। इस दौरान लोगों को मौसम पूर्वानुमान के अनुसार यात्रा करने की अपील की गयी है। साथ ही मौसम खराब होने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर ठहरने की सलाह दी गयी है।